तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 2 अगस्त 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 गंदगी से बजबजाती नाली ने बढ़ाई परेशानी, दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल



## खबर संक्षेप

### हाईवे पुलिस ने वाहनों की जांच की



**बैकुण्ठपुर।** एनएच 43 किनारे स्थित हाईवे पुलिस चौकी नागपुर द्वारा गुरूवार को मुख्य मार्ग पर वाहनों की सघन जांच पड़ताल घंटों की गई। इस दौरान जांच से बचने के लिए कई वाहन चालक जांच स्थल से दूरी बना रखे तो कई रास्ता बदलते देखे गए। इस दौरान पुलिस ने तीन सवारी, बिना लाईसेंस वाहन चालन तथा बिना हेलमेट के वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। हाईवें नागपुर पुलिस चौकी के जांचकर्ताओं ने कई वाहनों की जांच की गई एवं उक्त कमियों वाले वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। हाईवे पुलिस नागपुर के द्वारा समय समय पर मुख्य मार्ग पर आवाजाही करने वाले वाहनों की जांच की जाती है।

### प्रयोगशाला परिचारक की लिखित भर्ती परीक्षा कल

**बैकुण्ठपुर।** जिले में 3 अगस्त रविवार को आयोजित होने वाली छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) की प्रयोगशाला परिचारक की लिखित भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की आज समीक्षा की गई हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने परीक्षा से जुड़े सभी पर्यवेक्षकों और उड़नदस्ता दल के अधिकारियों को व्यापमं के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिले में 4 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों पर 1592 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा, निगरानी और व्यवस्था सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर उमेश पटेल ने जानकारी दी है कि चार शिक्षण संस्थानों शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय आदर्श रामानुज उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय आदर्श कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### अब तक 655.6 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 0.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 834.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 31 जुलाई तक जिले में कुल औसत 655.6 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 695.2 मिमी, खड़गवां में 551.7 मिमी, चिरमिरी में 621.7 मिमी, केल्हारी में 534.2 मिमी, भरतपुर में 697.2 मिमी और कोटाडोल में 834.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजन को सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में ग्राम लरघाडंडी, तहसील कोटाडोल निवासी पूसन बाई की जहरीले सर्प के काटने से हुई मृत्यु के पश्चात उनके पुत्र शकसुधन सिंह को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम कमर्जी तहसील कोटाडोल में मनीषा की मृत्यु पानी में डूबने के कारण हो गया था जिससे मृतिका के पिता देवप्रताप को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

त्यौहारों की बहार

### रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और गुणेश चतुर्थी की रहेगी धूम, प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था की तैयारी शुरू की

# अगस्त में इस वर्ष होगा विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अगस्त का महीना इस वर्ष विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह लेकर आया है। महीने की शुरूआत से लेकर अंत तक विभिन्न प्रमुख त्योहारों की श्रृंखला लोगों के जीवन में उल्लास और आस्था का संचार करेगी।

रक्षाबंधन 9 अगस्त को मनाया जाएगा, जो भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा के प्रतीक का पर्व है। इसके बाद श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त को भक्तिभाव से मनाई जाएगी, जिसमें मंदिरों में झांकियां सजेंगी और श्रद्धालु रात्रि जागरण कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का उत्सव मनाएंगे। वहीं महीने के अंतिम सप्ताह में गणेश चतुर्थी का पर्व 27 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। घरों और पांडालों में गणपति बप्पा की प्रतिमा की स्थापना कर भक्ति और सांस्कृतिक आयोजनों की भरमार रहेगी। हिन्दी पंचांग के अनुसार अगस्त का महीना धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस वर्ष अगस्त माह में रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, हरितालिका तीज, गायत्री जयंती सहित अन्य त्यौहार व व्रत पड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार अगस्त माह की शुरूआत शुक्रवार को हुई, इसके साथ ही आगामी 4 अगस्त को सावन माह का अंतिम सोमवार होगा जो भगवान शिव के आराधना के लिए विशेष दिन माना जाता है। सावन के अंतिम सोमवार को जिले के कई क्षेत्रों



में भोलेबाबा को जल चढ़ाने के लिए कांवड़ियों का जत्था विभिन्न शिवालयों में पहुंचेगा। वहीं 9 अगस्त को भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन का पर्व उल्लास के साथ जिलेभर में मनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार इसी दिन गायत्री जयंती व सावन पूर्णिमा की तिथि है, इसके साथ ही श्रावण माह समाप्त हो जाएगा और दूसरे दिन 10 अगस्त से भाद्रपद माह प्रारंभ होगा। इसके बाद 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस उल्लास के साथ मनाया जाएगा और इसके अगले दिन 16 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व भक्तिभाव एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर कई जगहों पर दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की जाती है। इस तरह अगस्त के महीने में कई प्रमुख पड़ रहे हैं। इसी माह के अंतिम समप्ताह में प्रथम पूज्य भगवान का जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा। जगह-जगह पर गणेश जी की मूर्तियां स्थापित कर 10 दिनों तक गणेश भगवान का पूजा-अर्चना की जाएगी।

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। मिठाई, राखी, पूजा सामग्री और सजावटी वस्तुओं की दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है। त्योहारों की इस श्रृंखला को लेकर प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।

### इसी माह गणेश चतुर्थी

अगस्त माह के अंतिम दिनों में ही गणेश चतुर्थी मनाई जाएगी। जानकारी के अनुसार 27 अगस्त को प्रथम पूज्य भगवान गणेश की पूजा शुरू होगी। गणेश चतुर्थी के दिन विभिन्न सार्वजनिक जगहों एवं घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा की शुरूआत होगी। इसके लिए शहर के कई स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमा तैयार करने मूर्तिकार जुटे हुए हैं।

### 26 को मनाई जाएगी हरितालिका तीज

26 अगस्त को हरितालिका तीज का पर्व मनाया जएगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर अपने पति की लंबी आयु एवं परिवार की सुख-समृद्धि के लिए निर्जला उपवास रखकर भगवान शिव एवं माता पार्वती की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करती है और कथा श्रवण करती है। इस पर्व को लेकर महिलाओं में कई दिनों पूर्व से उत्साह बना रहता है।

### अंतिम दौर में खेती-किसानी, अब थमी बारिश

# रोपाई कार्य के बाद चहुंओर फैली हरियाली




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में बीते कई दिनों से बादल बारिश का मौसम बने रहने से लोग परेशान हो गए थे।

वहीं भारी बारिश के कारण खेतों में अधिक मात्रा में जल भराव होने के कारण धान रोपा का कार्य भी प्रभाावित होने लगा था। कोरिया जिले में करीब एक पखवाड़े से बारिश बादल के कारण सूर्य भगवान के दर्शन दुर्लभ हो गए थे। इसी बीच शुक्रवार को कई दिनों पश्चात काफी देर तक धूप निकली। हालांकि धूप ज्यादा समय तक नहीं निकली आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन इस दिन का मौसम सामान्य रहा । इस दिन जिले के किसी भी क्षेत्र में बारिश की स्थिति नहीं रही। इस तरह कई दिनों के बारिश होने की गति अब धीरे-धीरे कम हो रही है, इससे किसानों ने भी राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार इस वर्ष 15 जून से बारिश की शुरूआत हुई तो रूक-रूक कर अब तक होती रही। यही कारण है कि इस वर्ष बारिश को लेकर किसी को कोई शिकायत नहीं है। भारी बारिश के कारण नदी-नाले, खेत तालाब भर गए हैं।

### खेतों में छाई हरियाली

अच्छी बारिश के बाद इस वर्ष जुलाई माह में ही जिले के ज्यादातर क्षेत्रों में 80 प्रतिशत धान की रोपाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आने वाले कुछ दिनों में शेष बचे क्षेत्रों में धान रोपाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। पूर्व में जिन खेतों में धान की रोपाई का कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, उन खेतों में धान पौधों की हरियाली बिखर गई है,इससे खेतों की हरियाली देखते ही बनती है।

### धान रोपा कार्य में आई तेजी

इस वर्ष मानसूनी सीजन में कोरिया जिले में अच्छी बारिश के कारण समय पर धान की रोपाई का कार्य पूरा होते दिखाई दे रहा है। जिले के सभी क्षेत्रों में धान की रोपा कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। शुक्रवार को मौसम के साफ होने के बाद कई क्षेत्रों में किसानों के द्वारा परिवार एवं मजदूरो के साथ धान रोपा कार्य करने खेतों में जुटे रहे। जानकारी के अनुसार इस बार जुलाई माह में ही 80 प्रतिशत धान की रोपाई का कार्य पूरा कर लिया गया।

# हादसों के गढ़ धनुहर नाला में बनेगा उच्चस्तरीय पुल

**बैकुंठपुर।** जिले के बैकुंठपुर से बिलासपुर मार्ग पर स्थित हादसों का गढ़ धनुहर नाला में उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण शीघ्र शुरू होगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए छग शासन के लोक निर्माण विभाग ने 603.96 लाख रूपए की अनुमानित लागत पर निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली है।

मेसर्स एग्रीको स्टील इंजीनियरिंग वर्क्स, विश्रामपुर द्वारा प्रस्तुत 5.02 करोड़ रूपए की न्यूनतम एकमुश्त निविदा राशि (लगभग 16.76 प्रतिशत कम दर पर) को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर की ओर से जारी आदेश में यह जानकारी दी गई है। शासन ने इस स्वीकृति के साथ स्पष्ट निर्देश भी जारी किए हैं कि ठेकेदार से अनुबंध के पूर्व एडिशनल परफॉर्मेंस सिक्योरिटी की बैंक गारंटी प्राप्त की जाए, जो संपूर्ण कार्यकाल तक प्रभावशील रहे। कार्य का निष्पादन विभागीय मापदंडों के अनुरूप कराया जाए एवं गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। कार्य किसी अन्य को सबलेट नहीं किया जाएगा और न ही किसी पावर ऑफ एटॉर्नी को मान्यता दी जाएगी। सभी दस्तावेज प्राप्त कर पूर्ण औपचारिकताओं के पश्चात अनुबंध किया जाए। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित हो। इस उच्च स्तरीय पुल निर्माण के पूरे होने से न केवल बैकुंठपुर-बिलासपुर मार्ग पर यातायात सुगम होगा, बल्कि बरसात के समय होने वाली परेशानी से भी क्षेत्रवासियों को मुक्ति मिलेगी। पुल निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर संपर्क सुविधा भी प्राप्त होगी।

- निविदा स्वीकृत, निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा



# चिरमिरी में पीलिया का प्रकोप रोज मिल रहे नए मरीज

**चिरमिरी।** एमसीबी जिले के चिरमिरी नगर पालिक निगम क्षेत्र इन दिनों पीलिया की गंभीर चपेट में है। स्थानीय जिला अस्पताल में 25 से अधिक मरीज भर्ती हैं, जिनमें अधिकांश बच्चे और किशोर शामिल हैं, इसके अतिरिक्त प्राइवेट अस्पतालों और घरों में भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि उनके घरों में जो नल का पानी आ रहा है, वह बेहद गंदा, बदबूदार और पीने योग्य नहीं है। नागरिकों का आरोप है कि न तो पाइपलाइन की सफाई हो रही है, न ही जलाशयों का नियमित क्लोरीनीकरण, इसके कारण बीमारियां फैल रही हैं। चिरमिरी जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. जिशान खान ने बताया कि हर रोज औसतन 6 से 7 नए मरीज पीलिया के लक्षणों के साथ पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि संक्रमण की रफ्तार पर नियंत्रण आवश्यक है और नगर निगम को जल्द से जल्द जल व्यवस्था सुधारने की आवश्यकता है। स्थिति गंभीर होने के बावजूद नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई ठोस कदम सामने नहीं आया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि तुरंत विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए, पानी के सैंपल की जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। यदि यह स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो यह संक्रमण पूरे क्षेत्र में फैल सकता है।

### डॉ. तिर्की बने आईएमए के अध्यक्ष, अर्पण सचिव

**अम्बिकापुर।** पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की को इन्डियन मेडिकल एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। आईएमए सरगुजा द्वारा अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पदों पर चुनाव का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष के लिए डॉ. अजय तिर्की, सचिव के लिए डॉ. अर्पण सिंह व कोषाध्यक्ष के लिए डॉ. अजय गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया था। इस दौरान तीनों पदों के लिए किसी और ने आवेदन नहीं भरा जिसके बाद सर्वसम्मति से डॉ. अजय तिर्की को अध्यक्ष, डॉ. अर्पण सिंह को सचिव व डॉ.अजय गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रक्रिया के बाद उन्होएँ आगे बढ़कर अपना दायित्व स्वीकार किया। आईएमए सरगुजा का अध्यक्ष चुने जाने से डॉ. अजय तिर्की के समर्थकों में हर्ष का माहौल है।

# तोला घुमाहूं एमसीबी जिला गीत का विमोचन

**मनेन्द्रगढ़।** देश को अपने जादुई आवाज से मंत्रमुग्ध कर देने वाले महान फनकार मोहम्मद रफी का पुण्यतिथि पर विमलश्री टाकीज में संगीत संध्या का भव्य आयोजन किया गया।

इस दौरान क्षेत्र के उभरते युवा कलाकारों ने मोहम्मद रफी का गीत गाकर उनहें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर रमेश गुप्ता द्वारा रचित एवं कर्णप्रिय आवाज से सुशोभित छग लोकगीत तोला घुमाहुं एमसीबी जिला गीत का विमोचन भी किया गया। विमलश्री टाकीज में आयोजित संगीत संध्या कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों सहित काफी संख्या



श्रोतागण उपास्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान सौम्या गुप्ता ने वर्षा ऋतु पर आधारित राग दुर्गा में बंदिश प्रस्तुत किया। इसके पश्चात मोहम्मद रफी के पुण्यतिथि को यादगार बनाने के लिए स्थानीय कलाकार नरोत्तम शर्मा, गौतम शर्मा, मुकेश गुप्ता, वेदप्रकाश पांडेय, शैलेश जैन के साथ दर्जनों संगीत प्रेमियों ने अपनी आवाज से कलाकारों ने फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां दीं। आयोजन में मयुजिशियन के तौर पर तरूणदास, दीपक चंद्रा, अमन शर्मा, अनीश, लकी जैन, सुनील, राम टोप्पो की प्रमुख भूमिका रही। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश शर्मा, ग्रीन वैली क्लब के अध्यक्ष संजय गायकवाड़, संबोधन साहित्य संस्थान के अध्यक्ष वीरेन्द्र श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ी लोक कला कल्याण के प्रदेश उपाध्यक्ष परमेश्वर सिंह, डीके श्रीवास्तव, राकेश गुप्ता, अरविंद सराफ, अरूण अग्रवाल, डॉ.करण, पार्षद जमील शाह, सुनैना विश्वकर्मा सहित पुष्करलाल तिवारी, श्रवण विश्वकर्मा, अमित दीवान सहित काफी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वीरांगना श्रीवास्तव ने किया।

### एसपी ने किया जनरल परेड का निरीक्षण

# बिना हेलमेट वाहन चलाने पर पुलिस जवान पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे द्वारा पुलिस लाइन में तड़के सुबह जनरल परेड लिया गया। इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक अजाक नेलशन कुजूर, राजेश साहू, श्यामलाल मधुकर, रक्षित निरीक्षक नितीश आर. नायर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टॉफ, यातायात एवं पुलिस लाइन के अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए।

शुक्रवार को परेड निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम रक्षित निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक कोरिया को सलामी दी और मंच से गुजरते हुए मार्च पास्ट किया गया। इसके पश्चात एसपी द्वारा टुकड़ी



निरीक्षण करते एसपी रवि कुमर कुर्रे।

वार सभी अधिकारी-कर्मचारी के वर्दी, अनुशासन और परेड ज्ञान की जांच की गई। इसमें उत्तम दर्जे की वेशभूषा, ड्रिल व अनुशासन में दिए कर्मचारियों को ईनाम देकर प्रोत्साहित किए। लॉ एंड ऑर्डर में काम आने वाले टोलीवार स्क्वॉड ड्रील कराया गया। उक्त जनरल परेड में एसपी कोरिया द्वारा शासकीय वाहनों और वाहन चालकों का निरीक्षण भी किया गया। इसमें उचित मरम्मत, ड्राइवर डायरी, टूल्स और वाहन का निरीक्षण किया गया एवं बेहतर रख-रखाव के लिए दिशा-निर्देश भी आरआई और एमटीओ को दिए गए। एसपी श्री कुर्रे ने आयोजित जनरल परेड के दौरान पुलिस जवानों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और नागरिकों से व्यवहार संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। एसपी ने सख्त लहजे में कहा कि जिले में कोई भी पुलिसकर्मी यदि बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाते हुए पाया गया, तो उसके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों का उल्लेख गोपनीय चरित्र प्रतिवेदन (सीआर) में किया जाएगा, जो भविष्य में संबंधित जवान की पदोन्नति, पुरस्कार एवं सेवा अभिलेख को प्रभावित कर सकता है। श्री कुर्रे ने जवानों को याद दिलाया कि वे न केवल कानून के रक्षक हैं, बल्कि आम जनता के लिए अनुकरणीय उदाहरण भी हैं। इस नाते यदि पुलिसकर्मी स्वयं यातायात नियमों की अनदेखी करेंगे तो आम लोगों को भी इसका गलत संदेश जाएगा। उन्होंने सभी थानों और इकाइयों के प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे सुनिश्चित करें कि अधीनस्थ सभी अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी के साथ-साथ अपने व्यक्तिगत जीवन में भी कानून का पालन करें। साथ ही आम जनता से शालीन, सहयोगपूर्ण एवं संवेदनशील व्यवहार बनाए रखें। रात्रिकालीन गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

### पीएम किसान की 20 वीं किस्त आज

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक योजना की 20 वीं किस्त 2 अगस्त को जारी की जा रही है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इस बार जिले के 32 हजार 646 पात्र किसानों के खातों में कुल 6.79 करोड़ रूपए की राशि सीधे जमा की जाएगी। विदित हो कि 19 वीं किस्त मार्च में 34 हजार 269 किसानों के खाते में 7.45 करोड़ रूपए जमा किया गया था। पीएम किसान योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार देशभर के किसानों को वर्ष में 6 हजार रूपए की आर्थिक सहायता देती है। यह राशि तीन किस्तों में दो-दो हजार रूपए की दर से सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है। यह राशि विशेष रूप से बीज, खाद, सिंचाई और बुवाई जैसे खर्चों में किसानों के लिए सहायक सिद्ध होती है। किसान अपनी किस्त की स्थिति पीएम किसान वेबसाइट पीएम किसान गर्वमेंट डॉट इन पर जाकर खुद जांच सकते हैं। किस्त के लिए सरकार ने ई-केवायसी और आधार से बैंक खाता लिंकिंग को अनिवार्य कर दिया है। अगर किसानों को किस्त न मिले तो अपने नजदीकी कृषि कार्यालय या सीएससी केन्द्र पर संपर्क करें। सुनिश्चित करें कि लैंड रिकॉड्र्स, आधार और बैंक डिटेल्स सही और अद्यतन हों।

## खबर संक्षेप



### श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ का किया गया भव्य स्वागत

**अम्बिकापुर।** श्री सत्य साईं की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में मंगलवार को पुट्टपर्ती से निकली यात्रा के आगमन पर वनवासी कल्याण आश्रम में आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी और सत्य साईं समिति के सदस्यों ने रथ की आरती की। अध्यक्ष जयेश वर्मा ने बताया कि पुट्टपर्ती से निकले पांच रथ अध्यात्म और एकता का संदेश लेकर सम्पूर्ण भारत का भ्रमण कर नवंबर 2026 में प्रशांति निलयम लौटेंगे। सभापति हरिमिंदर सिंह ने कहा कि प्रेम ही ईश्वर है और प्रत्येक व्यक्ति ईश्वर का रूप है। सभी से प्रेम करो और सबकी सेवा करो। संरक्षक केडी दुबे ने सभी को सत्य साईं बाबा के निःशुल्क हार्ट अस्पतालों की जानकारी दी। शहर भ्रमण करते हुए रथ शहर के विभिन्न चौकों से होते हुए साईं बाबा कॉलेज पहुंचा जहा संस्था विजय इंगोले और प्राचार्य राजेश श्रीवास्तव ने स्वागत किया। दूसरे दिन सुबह रथ वाड्रफनगर के लिए निकला। भ्रमण के दौरान जगह-जगह रथ का स्वागत कर आतरी की गई। इस दौरान डॉ.वीके वर्मा, ब्रम्हा शंकर सिंह, शशि शेखर शर्मा, अंजनी सिन्हा, संजीव गणेशपुरकर, केडी दुबे, मृगेंद्र सिंहदेव, दीपक गोस्वामी, विजय सालुंके, संजय पानिकर, अजय इंगोले, अभय पालोकरकर, रंजन खेरपांडे, प्रदीप श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### वृद्ध आश्रम में की गई राधे कृष्णा मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा



**बलरामपुर।** जिला मुख्यालय स्थित खुशी वृद्ध आश्रम में गुरुवार को भगवान राधे कृष्णा जी की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से की गई। इस दौरान उपस्थित विद्वान ब्राह्मण द्वारा विधिवत पूजा पाठ अनुष्ठान एवं प्राण प्रतिष्ठा कर मूर्ति की स्थापना की गई। इसके साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न समाजसेवी, दानदाताओं एवं भक्तजन ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं मंदिर के चबूतरा निर्माण व वृद्ध आश्रम के छोटे मोटे कार्यों के लिए राशि प्रदान की व आश्रम में रहने वाली वृद्ध माताओं का हाल चाल जाना। वृद्ध आश्रम में मूर्ति स्थापना एवं ऐसे कार्यक्रम के वृद्ध माताओं ने सराहना की और कहा कि हम लोगों को अब जरूरत के सभी चीजों के साथ-साथ आस्था के लिए भी बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान गोपाल कृष्ण मिश्र,ओम प्रकाश सोनी, विकास दुबे, मनोज तिवारी, यशपाल दुबे, अजीत गुप्ता, नवीन गुप्ता, विकास केसरी, बिहार पाल, राजीव तिवारी, नीरज गुप्ता, अजीत सिंह, संजू व अन्य मौजूद थे।

### अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने तथा फांसी लगाने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम खालपोड़ी निवासी भूवन पावले आ. लोकनाथ पावले (31 वर्ष) 29 जुलाई की सुबह 9 बजे पड़ोस में रहने वाले बड़े पिता रामनाथ के घर गया और कीटनाशक पी लेने की बात बताई। परिजन ने पूछताछ किया तो कुछ नहीं बताया। परिजन उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में गंगापुर खुर्द नालापारा निवासी मुकेश कुमार आ. मोहन (25 वर्ष) मंगलवार की शाम घर के पाइप से फांसी लगा लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को फांसी से उतार निजी अस्पताल में लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## महामाया मंदिर के आसपास भी नालियां जाम, लोगों में रोष

# गंदगी से बजबजाती नाली ने बढ़ाई परेशानी, दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

**खास बात**

- बारिश से पहले कराई गई थी सफाई, नपं के सामने गंदगी

साफ सफाई की कमी और निकासी के आभाव में नालियों में जमा पानी अब लोगों की परेशानी का कारण बन गया है। बजबजाती नालियों से आने वाली दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल है। वहीं नालियों में मौजूद गंदगी और जाम पानी के कारण बीमारी का ख़तरा मंडरा रहा है और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। हैरानी की बात तो यह है कि समस्याओं से अवगत कराने के बाद भी नगर पंचायत की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में लोगों में रोष का माहौल है।

बता दें की बारिश के पूर्व नगर में नालियों की सफाई का काम अभियान चलाकर करने का दावा नगर पंचायत की ओर से किया गया था। नपं की ओर से जगह जगह नालियों की सफाई भी करवाई गई ताकि लोगों को जलजमाव और गंदगी से मुक्ति दिलाई जा सके लेकिन नालियों की ऐसी हालत देखकर निकाय के दावों पर सवाल उठने लगे है। साफ सफाई एवं पानी निकासी के अभाव में नगर की नालियों में कचरा एवं गंदगी जमा हो गया है।नगर के कई जगहों पर गंदगी की वजह से नालियां बजबजाने लगी है। नगर में मच्छरों के प्रकोप बढ़ने के साथ बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बड़ी बात यह है कि नगर पंचायत कार्यालय के सामने मौजूद नगर की आराध्य देवी मां महामाया मंदिर के सामने स्थित नाली नियमित सफाई के अभाव में गंदगी एवं कचरे से भरी पड़ी है। नाली जाम होने की वजह से निकासी के अभाव में कूड़ा करकट के अलावा बारिश का पानी नाली में जमा हो गया है जिसकी वजह से मंदिर के सामने मौजूद नाली गंदगी एवं कचरे की वजह से बजबजाने लगी है। निकासी के अभाव में बजबजाती नाली से उठने वाली दुर्गंध ने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय लोगों के नाक में दम कर दिया है। माँ महामाया नगर की आराध्य देवी है जिनके दर्शन करने मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। इसके बाद भी मंदिर के प्रवेशद्वार के सामने मौजूद नाली में कचरा एवं गंदगी का जमा होना मंदिर की नगर पंचायत की लापरवाही को दर्शाता है। इस संबंध में नगर पंचायत को अवगत कराने के बाद भी उचित कार्यवाही नहीं होने से लोगों में असंतोष व्याप्त हैं। उन्होंने मंदिर परिसर के सामने स्थित नाली की नियमित सफाई कराने की मांग की है।



बजबजाती नाली।

#### टूट गए नालियों के ढक्कन

महामाया मंदिर के सामने स्थित नाली को ढकने बनाई गई ढक्कन घटिया इंजीनियरिंग की भेंट चढ़ गई। ढ़क्कन निर्माण के दौरान इंजीनियर की मिलीभगत से निर्माण कार्य मे बरती गई लापरवाही इस समस्या की एक बड़ी वजह बन गई। नालियों को ढकने के लिए लगाए गए ढक्कन कुछ ही दिनों में टूटकर नाली में ही समा गए और नाली जाम हो गई।

#### गौरवपथ सड़क की हालत भी खराब

बारिश से पूर्व शुरू की गई नाली सफाई अभियान बीच मे अधूरा छोड़ देने की वजह से नगर का माहौल दूषित होता जा रहा है। बिना किसी योजना के की जा रही नाली सफाई के दौरान खुली छोड़ी गई नालियों से गौरवपथ का माहौल काफी दूषित हो गया है। गौरवपथ का कारगिल चौक एवं हटरी के पास खुली नाली एवं नेशनल हाईवे तक बिखरे हुए मलबे की वजह से दोनों ओर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा हटरी में लगने वाले सब्जी बाजार के सड़े गले अवशेष नाली में डालने की वजह से वहां का माहौल दूषित हो चुका है। गौरवपथ की खुली नाली एवं वहाँ पसरी गंदगी से अवगत होने के बाद भी नगर पंचायत चुप्पी साधे बैठा है। नगर पंचायत इस समस्या को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है। जिससे लोगों में नगर पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

#### बारिश रुकने के बाद होगी सफाई

बारिश की वजह से नाली सफाई अभियान प्रभावित हो गया था। बारिश बंद होते ही नाली सफाई अभियान शुरू कराया जायेगा।

**- प्रेमदान कुजूर**
अध्यक्ष,नगर पंचायत



ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

## ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर भारी वाहनों का आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- सडकें हो रही खराब, युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

जिला व सूरजपुर जिला को जोड़ने वाली ककना मुख्य सड़क से अखोराखुर्द, कल्याणपुर एवं चांची से बदौली, अखोराखुर्द पहुंच मार्ग पर भारी वाहनों एवं ट्रक बसों का अनाधिकृत परिचालन रोकने के संबंध में आज युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव नीरज तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम व बरियो पुलिस को ज्ञापन सौपा है।

इस दौरान कांग्रेस ने 5 दिनों के भीतर उक्त मार्ग पर भारी वाहनों के अवैध परिचालन रोक नहीं लगाए जाने पर उग्र प्रदर्शन व चक्का जाम की चेतावनी दी है। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव नीरज तिवारी ने बताया की मुख्य मार्ग एनएच 343 सड़क के खराब होने के बाद से ग्रामीण सड़कों पर भारी वाहनों के अनाधिकृत रूप से आवागमन करने से सड़कों का बुरा हाल है। ग्रामीण सड़कों पर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे होते जा रहे है। इस मार्ग पर शाम से सुबह तक भारी मालवाहक ट्रक और यात्री बसों का भी आवागमन हो रहा है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है और सड़क भी जगह जगह टूट रही है। ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें भारी वाहनों का भार नहीं झेल पा रही है ऐसे में अंदरूनी सड़कों पर भारी वाहनों का प्रवेश रोकने की मांग की गई थी और एसडीएमनायब तहसीलदार बरियों एवं थाना प्रभारी राजपुर, चौकी प्रभारी बरियों को ज्ञापन सौपा गया परन्तु 20 दिन के बाद भी प्रशासन एवं पुलिस द्वारा किसी प्रकार की पहल नहीं की गई जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मांग की है कि आगामी 5 दिनों के भीतर ककना से अखोराखुर्द, कल्याणपुर मार्ग एवं चांची से कुंदीकला, बदौली अखोराखुर्द मार्ग पर भारी वाहनों के परिचालन को रोकने प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा कोई ठोस पहल नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राम किशुन, बृजेश कुमार मिश्रा, राजेंद्र श्रीवास्तव, संघन राम, मीनेश पैकरा, सुरेश पन्ना, कमलेश पैकरा, सीधमा बसंत सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रभारी जनपद सीईओ को हटाने की मांग मदन नगर के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत मदन नगर में पिछले छह माह से पंचायत सचिव की नियुक्ति नहीं करने तथा गांव के विकास ठप होने की शिकायत को लेकर आज ग्रामीणों ने जनपद कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। साथ ही प्रभारी जनपद सीईओ को हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने जनपद सीईओ को नहीं हटाने पर चक्का जाम कर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

जनपद कार्यालय में गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत मदन नगर के ग्रामीणों ने जनपद कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन करते हुए प्रभारी जनपद सीईओ डॉ. नृपेंद्र सिंह को हटाए जाने की मांग की। धरना प्रदर्शन चार घंटे तक चली और ग्रामीणों ने दुर्व्यवहार और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। ग्राम पंचायत मदननगर की सरपंच श्रीमती सुंदरी बाई और पंचों ने आरोप लगाया कि पंचायत में 6 महीने से सचिव की नियुक्ति नहीं हुई है, जिससे विकास कार्य ठप हैं। पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों में जलापूर्ति पूरी तरह बाधित है। ऐसे में बरसात के इस मौसम में लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आरोप लगाया कि जनपद पंचायत सीईओ डॉ. नृपेंद्र सिंह ने सचिव पदस्थापन के लिए 10 हजार की की रिश्वत ली, लेकिन फिर भी सचिव की नियुक्ति नहीं की। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि एक-एक सचिव को तीन-तीन पंचायतों का प्रभार दे दिया गया है, जिससे न केवल प्रशासनिक काम प्रभावित हो रहा है, बल्कि ग्रामीणों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उनकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। धरना प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च करते हुए एसडीएम ललिता भगत को ज्ञापन सौंपा। साथ ही प्रभारी जनपद सीईओ डॉ. नृपेंद्र सिंह को हटाने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस दौरान सरपंच श्रीमती सुंदरी बाई, पंच करीमन कुजूर, परमजीत मिंज, छोटेलाल कुजूर, धर्मसाय, कालीचरण, उपसरपंच कर्म खलखो, बेगिन गिद्ध, सुनीता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## उपभोक्ता आयोग में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ई-हियरिंग सुविधा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने बुधवार को जिला उपभोक्ता आयोग में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ई-हियरिंग सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति श्री चौरड़िया ने कहा कि ई हियरिंग की परिकल्पना आज से तीन माह पूर्व की गई थी।

शासन के सहयोग से इसकी घोषणा के साथ तीन माह के भीतर 11 जिलों में ई हियरिंग की सुविधा अब प्रारंभ हो गई है। इससे दूरस्थ अंचल में निवासरत पक्षकार या अधिवक्ता आसानी से सुनवाई की कार्यवाही से जुड़ सकते है। इस अवसर पर एक प्रकरण की वर्चुअल ई हियरिंग भी की गई। वीडियों कॉन्फ्रेस के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर के सदस्य प्रमोद वर्मा, रजिस्ट्रार श्रीनिवास तिवारी, संयुक्त रजिस्ट्रार श्रीमती मोना चौहान, लेखा अधिकारी श्रीमती मधुलिका यादव, जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष डाकेश्वर शर्मा, सदस्य सुश्री नीरूपमा प्रधान तथा जिला उपभोक्ता आयोग सरगुजा के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, सदस्य नवनी कान्त दत्ता व श्रीमती अर्चना सिन्हा, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत त्रिपाठी, संजय अम्बष्ठ, सुशील चतुर्वेदी, पीएन दुबे, कीर्ति दुबे, जेपी गुप्ता, श्रीमती लक्ष्मी सिन्हा सहित भारी संख्या में पक्षकार, अधिवक्ता एवं आयोग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## विभिन्न निर्माण की स्वीकृति मिलने से लोगों को मिलेगा लाभ : शकुंतला



**प्रतापपुर।** विधायक श्रीमती शकुन्तला सिंह पोर्ते ने अपने विधानसभा अंतर्गत विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने हेतु छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री तथा प्रतापपुर क्षेत्र की प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल की सराहना की। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि मंत्री द्वारा जनहित में अति आवश्यक विभिन्न कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनसे क्षेत्रीय जनता को सीधा लाभ मिलेगा। स्वीकृत निर्माण कार्यों में कुदरगढ़ ओड़गी में रोपवे निर्माण हेतु 30 लाख रुपए, जरही वार्ड क्रमांक 7 में शेड निर्माण हेतु 5 लाख रुपए, अमनदोन वार्ड क्रमांक 1 में 4 लाख रूपए खजुरी, दुरती, रमकोला एवं श्यामनगर तमोरपारा में शेड निर्माण हेतु 3-3 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक श्रीमती पोर्ते ने बताया कि यह सभी निर्माण कार्य क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी मांग रही है। इन कार्यों की स्वीकृति मिलने से स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी तथा धार्मिक, सामाजिक और ग्रामीण आयोजनों को सुगमता मिलेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी सोच की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल के मार्गदर्शन में प्रतापपुर विधानसभा निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है।

## रासायनिक उर्वरक की अवैध बिक्री करने वाले बिचौलियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संभागीय महासचिव चन्द्रदीप कोरचो ने प्रदेश के किसानों की समस्या को लेकर सरगुजा संभाग के समस्त कलेक्टरों के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

कोरचो ने सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि वर्तमान में प्रदेश के कृषक खेती-बाड़ी के कार्य में लगे हैं लेकिन प्रदेश सरकार किसानों के लिए रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने में असमर्थ है। निजी दुकानों पर पर्याप्त मात्रा में डीएपी, यूरिया खाद मिल रहे हैं, सरगुजा संभाग अंतर्गत बलरामपुर, सूरजपुर, सरगुजा एवं अन्य जिलों में निजी दुकानों व बिचौलियों के पास पर्याप्त मात्रा में रासायनिक उर्वरक उपलब्ध है। कृषक निजी दुकानों से अनाप शनाप दामों में खरीदी करने के लिए मजबूर हैं। कृषकों को उचित समय पर डीएपी, यूरिया खाद नहीं मिलने से भारी आक्रोश हैं। प्रदेश के कई जिलों में नकली रासायनिक उर्वरक मिला है जिसे लेकर किसानों में डर बनी हुई है। अधिकांश किसान छोटे-बड़े निजी दुकानों पर खाद्य लेने पर मजबूर हैं और अवैध विक्री करने वाले बिचौलियों धडल्ले के साथ नकली मिलावटी डीएपी, यूरिया खाद बेच रहे हैं जिसका कोई लाइसेंस नहीं है और प्रशासन उन पर कोई कार्रवाई नहीं करती है। शासन - प्रशासन जल्द किसानों के लिए डीएपी यूरिया खाद उपलब्ध कराए, ताकि कृषक निजी दुकानों, बिचौलियों के पास रासायनिक उर्वरक लेने के लिए मजबूर न हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान छोटेलाल आयाम ब्लॉक अध्यक्ष प्रतापपुर एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## कॉलोनीवासी नहाने- धोने तक के लिए नहीं कर पा रहे इस्तेमाल

# एसईसीएल आवासीय कॉलोनियों में सप्लाई हो रहा मिट्टीयुक्त बदबूदार पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल आवासीय कॉलोनियों में इन दिनों स्वच्छ पानी के बदले मिट्टीयुक्त,मटमैला व बदबूदार पानी की सप्लाई की जा रही है।ग्राम गोरखनाथपुर स्थित फिल्टर प्लांट से सप्लाई हो रहे गन्दे पानी से लोग पीने,नहाने या कपड़े धोने में भी इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं।यह समस्या किसी एक मोहल्ले या गली की नहीं, बल्कि पूरे बिश्रामपुर क्षेत्र की है।लगभग 2200 क्वार्टर, महाप्रबंधक कार्यालय,केंद्रीय चिकित्सालय,गेस्ट हाउस, ऑफिसर्स क्लब, स्नेह मिलन, प्रोजेक्ट ऑफिस, गौरीशंकर मंदिर, शनि मंदिर जैसे तमाम महत्वपूर्ण संस्थान और सार्वजनिक स्थल भी इसी गंदे पानी की सप्लाई पर निर्भर हैं।

बताया गया कि गोरखनाथपुर फिल्टर प्लांट का फेल्क्यूलेटर जो जल शुद्धिकरण की मुख्य प्रक्रिया का हिस्सा होता है वह पिछले डेढ़ साल से खराब पड़ा हूआ है,यानी नाममात्र का वाटर ट्रीटमेंट करके, सीधा कच्चा और मटमैला पानी लोगों के घरों और संस्थानों तक भेजा जा रहा है।बताया जा रहा है कि हाल ही में हुए लगातार बारिश और घुनघुट्टा डेम से छोड़े गए पानी के कारण स्थिति और भी भयावह हो गई है। घुनघुट्टा डेम के फाटक खोले जाने से लाल मिट्टी युक्त पानी फिल्टर प्लांट तक पहुंचा,लेकिन प्लांट की अनुपयोगी स्थिति के चलते यह गंदा पानी शुद्ध हुए बिना सीधे सप्लाई लाइन में पहुंच गया।इसका नतीजा यह है कि लोगों के घरों में नलों से निकलने वाले पानी का रंग और गंध दोनों बदल चुके हैं। चौंकाने वाली बात यह भी है कि कई इलाकों में पाइपलाइनें सीधी नालियों से होकर गुजर रही हैं, जिससे नाली का दूषित पानी रिसकर सप्लाई लाइन में मिल रहा है।यह डायरेरिया, टाइफाइड, हैजा जैसी गंभीर बीमारियों को न्योता देने जैसा है।कालोनीवासियों का कहना है कि यह स्थिति एक दिन या एक हफ्ते में नहीं बनी। फेल्क्यूलेटर की मरम्मत की मांग बार-बार उठाई गई, लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते रहे।बड़ा सवाल यह है कि जहां से महाप्रबंधक कार्यालय और केंद्रीय अस्पताल तक पानी सप्लाई होता है, वहां इतनी लापरवाही कैसे हो जा रही है।इस गंभीर समस्या पर अब क्षेत्रवासियों ने एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि फेल्क्यूलेटर की तत्काल मरम्मत की जाए, सप्लाई से पहले पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच हो, नालियों से गुजरने वाली पाइपलाइनों को बदला जाए और जब तक प्लांट पूर्ण रूप से कार्यशील नहीं होता, वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था की जाए। इस संबंध में फिल्टर प्लांट इंचार्ज अरविंद सिंह ने बताया कि बारिश की पानी जो मैनपाट तरफ से घुनघुट्टा डेम के माध्यम से आ रहा है, इस वजह से दिक्कत आ रही है। हम लोगों के द्वारा पानी को साफ करने लगातार प्रयास किया जा रहा है।बारिश रुकने के बाद उक्त समस्या से निजात मिल सकेगी।



## घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार



**वाड्रफनगर।** घर में सो रही नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रघुनाथनगर थाना के बलंगी चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौकी अंतर्गत रहने वाली नाबालिग अपनी ननद के साथ सो रही थी। इसी दौरान राकेश प्रजापति और दिनेश सिंह महिला के घर में घुस आए। इस दौरान आरोपी नाबालिग व महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगे। इस दौरान राकेश प्रजापति नाबालिग को पकड़कर बाहर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने इस घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद एसी वैभव बैंकर के निर्देश पर पुलिस ने यूपी सोनभद्र के दुद्धी नवडीहा निवासी राकेश प्रजापति व दिनेश सिंह की खोजबीन शुरू की। पुलिस ने यूपी के रेणुकूट से आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# पर्दे पर दिखेगी सुरों के जादूगर रफी की कहानी



**मुंबई।** भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के दिग्गज सिंगर मोहम्मद रफी वो आवाज हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी अपना जादू बिखेर रहे हैं। उनकी आवाज और गाने आज भी उतने ही पसंद किए जाते हैं, जितने उनके दौर में किए जाते थे। निर्देशक उमेश शुक्ला ने घोषणा की है कि वे रफी साहब की बायोपिक पर काम कर रहे हैं। अब रफी के बेटे शाहिद रफी ने बताया कि वो खुद इस फिल्म से बतौर निर्माता जुड़े हैं। उन्होंने कहा, मैंने यह तय किया था कि अब्बा की बायोपिक तभी बननी चाहिए, जब इसे सच्चाई और ईमानदारी से बनाया जाए। मेरे लिए यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि मेरे अब्बा की जिंदगी को दुनिया के सामने लाने का जरिया है।

लाइफ Style

# रोशनी

## कभी नहीं किया सनकियों वाला इश्क



टीवी एक्ट्रेस रोशनी वालिया ने हाल ही में प्यार और रिश्तों पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें कभी प्यार में दिल टूटने का अनुभव नहीं हुआ। रोशनी ने रिश्तों में सम्मान को सबसे जरूरी बताया। उनका मानना है कि कम उम्र के रिश्ते अक्सर मैच्योर नहीं होते हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी एक्ट्रेस और 'सन ऑफ सरदार 2' स्टार रोशनी वालिया ने अपने हालिया इंटरव्यू से हर तरफ शोर मचा रखा है। पहले उन्होंने अपनी मां की सलाह के बारे में बात की थी और अब प्यार को लेकर बोलीं। उन्होंने अपनी जिंदगी में प्यार, दिल टूटने और व्यक्तिगत सीमाओं के बारे में बात की। अपनी कम उम्र के बावजूद मैच्योर और जमीनी नजरिए के लिए जानी जाने वाली रोशनी ने उन बातों पर अपना पक्ष रखा, जिन पर बोलने से युवा अक्सर कतराते हैं। दिल टूटने के बारे में बात करते हुए, रोशनी वालिया ने शेयर किया, 'मैं कभी नहीं रोई... मैं यह नहीं कहूंगी कि चार दिनों तक रोना दिल टूटना है।' उन्होंने खुलासा किया कि जब उन्होंने पारिवारिक परिस्थितियों में दर्द का सामना किया है, तो रोई हैं, लेकिन रोमांटिक रिश्ते में चोट खाकर कभी नहीं रोईं। रोशनी ने कहा, 'कोई दिल नहीं टूटा? परिवार के बारे में? हां। हुआ है, लेकिन यंग लव? नहीं, मैं हमेशा छोटी थी।' प्यार के प्रति उनका नजरिया काफी अलग है। रोशनी ने कहा, 'मैंने इतना प्यार किया कि मैं पागल हो गई... मैं बर्बाद हो गई... और मैं सांस नहीं ले पा रही थी। ऐसा कभी नहीं हुआ।' वह इस स्पष्टता का श्रेय अपनी गहरी समझ को देती हैं कि कम उम्र में रिश्ते अक्सर पल भर के लिए होते हैं।

हॉलीवुड मसाला

# निक जोनस ने शेयर कीं तस्वीरें



**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी गायक, गीतकार और अभिनेता निक जोनस और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। गुरुवार को निक ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बेटी मालती मैरी और पत्नी प्रियंका के साथ कुछ शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। निक की इन तस्वीरों पर प्रियंका ने प्यारा कमेंट कर फैंस का दिल जीत लिया है। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने जुलाई में अपनी बेटी मालती मैरी के साथ समुद्र तट पर और ब्रॉडवे शो में मजेदार समय बिताया।




# जर्मन इंफ्लूएंसर यूनुस को चर्च स्ट्रीट से हटाया

**मुंबई।** जर्मन सोशल मीडिया स्टार यूनुस जारू को बुधवार शाम को बेंगलुरु पुलिस ने चर्च स्ट्रीट से जबरदस्ती हटाया। उन्हें कुछ समय के लिए हिरासत में भी लिया गया। यूनुस जारू के दौरे के दौरान उनके चारों ओर भीड़ जमा हो गई थी। इससे पहले सिंगर एड शीरन को बिना इजाजत चर्च स्ट्रीट पर प्रदर्शन करने से रोका गया था। पुलिस ने बताया कि जारू जिनके इंस्टाग्राम पर 21 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, एक बड़े समारोह के लिए बिना किसी इजाजत चर्च स्ट्रीट गए थे। हालांकि, वहां जाने से कुछ समय पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाली थी, जिसमें लिखा था 'हम चर्च स्ट्रीट आ रहे हैं।' पोस्ट की वजह से भारी भीड़ जमा हो गई। इससे व्यस्त इलाके में जन सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा हो गईं।



# अलमारी का अचार ने जीता अवार्ड...

**नई दिल्ली।** शॉर्ट फिल्म 'अलमारी का अचार'की खूब तारीफ हो रही है, जिसे राकेश रावत ने निर्देशित किया है। फिल्म का जर्मनी में आयोजित 22वें इंडियन फिल्म फेस्टिवल स्टटगार्ट 2025 में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ। फेस्टिवल के दौरान फिल्म ने 'बेस्ट शॉर्ट फिल्म' का जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीतकर ग्लोबल लेवल पर भारत का नाम रोशन किया है। इसे दुनियाभर की कई बेहतरीन शॉर्ट फिल्मों के बीच से चुना गया। फिल्म की कहानी एक रूढ़िवादी भारतीय समाज के बीच समलैंगिक कपल की इमोशनल जर्नी बयां करती है। समाज और परिवार की उम्मीदों के बोझ के बीच उनका रिश्ता कैसे अपनी पहचान के लिए स्ट्रगल करता है, कहानी इस पर आधारित है। फिल्म में अहम भूमिकाओं में मनवेन्द्र त्रिपाठी और मनोज शर्मा हैं।



# वॉर-2 का पहला गाना आवां-जावां रिलीज

**नई दिल्ली।** फिल्म वॉर-2 के मेकर्स ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर पहला गाना 'आवां जावां' रिलीज कर दिया है, जिसमें कियारा आडवाणी और ऋतिक रोशन की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। 4 मिनट के गाने में ऋतिक और कियारा रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों के डांस स्टेप्स को काफी पसंद किया जा रहा है। वहीं, कियारा का गोल्डन लुक भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। ब्रह्मास्त्रः पार्ट वन के हिट गाने केसरिया की टीम ने इस गाने को अपने सुरों से सजाया है। आवाज निकिता गांधी और अरिजीत सिंह की है। वहीं, संगीत प्रीतम का है और गीतकार अभिजीत भट्टाचार्य हैं। यह एक रोमांटिक गाना है, जो लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। यूट्यूब पर रिलीज होने के सिर्फ एक घंटे के भीतर 284,855 बार देखा जा चुका है।

टीवी मसाला




# 'क्योंकि सास भी 2' में मंदिरा की होगी एंट्री, तुलसी की बढ़ेंगी मुश्किलें

**नई दिल्ली।** टीवी का पॉपुलर शो 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी 2' में इस बार भी पहले सीजन में डॉक्टर मंदिरा कपाड़िया की वापसी की खबरें आ रही हैं। इस रोल को एक्ट्रेस मंदिरा बेदी ने निभाया था। ऐसे में अब 25 साल बाद मंदिरा को फिर से नए किरदार में देखा जा सकता है। शो के पहले सीजन में मंदिरा ने मिहिर विरानी यानी अमर उपाध्याय की गर्लफ्रेंड का रोल किया था। मंदिरा ने तुलसी विरानी की जिंदगी में पूरी तरह से हलचल मचा दी थी। हालांकि शो में मंदिरा का रोल छोटा था, लेकिन प्रभावी था। हालांकि, अभी तक कुछ भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन उनकी वापसी को लेकर फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। 'क्योंकि 2' के स्टार कास्ट की बात करें तो इसमें स्मृति ईरानी के अलावा सुधा शिवपुरी, गौरी प्रधान, हितेन तेजवानी,अमर उपाध्याय,शक्ति आनंद, रितु चौधरी, कमलिका गुहा,भाटिया-वर्धन पटेल, प्राची सिंह-अनादि पटेल और बरखा बिष्ट जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। शो के पहले एपिसोड की बात करें तो वीरानी परिवार तुलसी और मिहिर अपनी मैरिज एनिवर्सरी की तैयारी करते नजर आए।सीरियल में ट्विस्ट तब आता है, जब मिहिर तुलसी को सरप्राइज में कार गिफ्ट करता है। दरअसल, सबको लगता है कि मिहिर को वेडिंग एनिवर्सरी के बारे में मालूम नहीं था, लेकिन वो इस खास दिन को भूलने का नाटक कर रहा था।

## कोरियन सीरीज ने बदल दी लोगों की जिंदगी!

**नई दिल्ली।** कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जिनका असर देर से होता है। लेकिन जब होता है, तो वह लंबे समय तक साथ चलती है। के-ड्रामा की



दुनिया में वैसे तो एक से बढ़कर एक वेब शोज हैं, लेकिन इस भीड़ में एक सीरीज ऐसी भी है, जिसे पहले तो किसी ने ज्यादा तवज्जो नहीं दी। लेकिन, जब लोगों ने इसे देखना शुरू किया, तो 16 एपिसोड कैसे बीत गए, पता ही नहीं चला। यह सीरीज 2018 में रिलीज हुई थी। जब आई तब दक्षिण कोरिया में इसको लेकर विवाद भी हुआ। लेकिन, दर्शकों ने इसे भरपूर प्यार दिया। सीरीज का नाम है 'माय मिस्टर', जिसकी शुरुआत भले ही अंधेरी और उदास सी हो, लेकिन अंत बेहद खूबसूरत और सुकून देने वाला है। माय मिस्टर भावनाओं के संघर्ष को जिस ईमानदारी से दिखाती है, आप भी उसके कायल हो जाएंगे। माय मिस्टर में ली सन-क्यूं और ली जी-यूं लीड रोल में हैं। इस कोरियन ड्रामा सीरीज के डायरेक्टर किम वोन-सियोक हैं। कहानी पार्क हे-यंग ने लिखी है और चोरोकबाम मीडिया ने इसका निर्माण किया है। यह सबसे पहले 21 मार्च से 17 मई 2018 तक टीवीएन पर प्रसारित हुई थी।

# विजय देवरकोंडा का 'साम्राज्य' दर्शकों को आया पसंद

**मुंबई।** साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा अपनी नई फिल्म 'किंगडम' के साथ सिनेमाघरों में वापसी कर चुके हैं। 31 जुलाई को फिल्म थिएटर्स में दस्तक दे चुकी है। हिंदी में फिल्म को 'साम्राज्य' के नाम से रिलीज किया गया है। लंबे समय से फ्लॉप फिल्मों का सामना कर रहे विजय के लिए ये फिल्म उनके कॅरियर की सबसे अहम मोड़ साबित हो सकती है। इस फिल्म को अब तक दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म में विजय के अभिनय को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस अब अलग-अलग तरह से अपने रिएक्शन्स दे रहे हैं।

*जासूसी की दुनिया में सूरी बनकर छा गए* : फिल्म किंगडम में विजय देवरकोंडा एक सीक्रेट मिशन पर निकले भारतीय जासूस सूरी के किरदार में नजर आते हैं। पूरी फिल्म में विजय इतनी गहराई से किरदार में उतरते हैं कि दर्शकों को स्क्रीन पर सिर्फ सूरी दिखाई देता है, विजय नहीं। यही बात कई सोशल मीडिया यूजर्स ने एक्स पर की है और फिल्म को लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं।



## फिल्म के इमोशनल सीन्स की तारीफ

हालांकि, फिल्म एक एक्शन-थ्रिलर है, लेकिन इसका दिल छूने वाला पहलू इसके इमोशनल सीन हैं, जो विजय की अदाकारी को खुलकर दर्शकों के सामने लेकर आ रहे हैं। एक्स पर कई यूजर्स ने इस फिल्म के भावनात्मक सीन्स की जमकर तारीफ की है।

## सोशल मीडिया पर रिएक्शन्स

फिल्म को लेकर अब तक जितने भी रिएक्शन्स सामने आए हैं, उन्हें देखकर तो यही लगता है कि फिल्म लोगों को पसंद आ रही है। एक यूजर ने तो इस फिल्म को इस साल की सबसे शानदार फिल्म बता दिया। यूजर ने लिखा- किंगडम एक भावनाओं से भरपूर फिल्म है- गौतम ने भावनाओं को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया है। अब तक की साल की सबसे बेहतरीन फिल्म! वहीं, एक दूसरे यूजर ने लिखा- विजय देवरकोंडा इस फिल्म से बहुत नाम और इज्जत कमाने वाले हैं। उन्होंने फिल्म में बेहतरीन काम किया है। एक और यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा- किंगडम पूरी तरह से ब्लॉकबस्टर फिल्म है। विजय देवरकोंडा मुख्य भूमिका में दमदार चमकते हैं, निर्देशक ने एक मजबूत कहानी दी है।

# आशा पारेख, वहीदा रहमान और हेलेन एक साथ...



***मुंबई।*** *गुजरे जमाने में आशा पारेख, वहीदा रहमान और हेलेन जैसी एक्ट्रेसेस बॉलीवुड पर राज किया करती थीं। आज भले ही उनकी उम्र ढल चुकी है, लेकिन फैंस का कहना है कि वे अभी भी खूबसूरत और हसीन दिखती हैं। उनकी एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें तीनों डिनर करती दिख रही हैं। फैंस उन्हें एकसाथ देखकर गदगद हो गए हैं। एक ने कहा- ओल्ड इज गोल्ड। आशा पारेख के नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस तस्वीर को शेयर किया गया है। इसमें वहीदा, आशा और हेलेन एक साथ हैं। वे किसी रेस्त्रां में डिनर कर रही हैं। उनकी ये तस्वीर खूब वायरल हो रही है। इस फोटो को देख एक फैन ने कहा, 'लेजेंड लेडीज एकसाथ एक फ्रेम में।' दूसरे ने कॉमेंट किया, 'आह, वो जमाना था जब क्लास और खूबसूरती के साथ-साथ अपार प्रतिभा भी थी।' एक और फैन ने कहा, 'हिंदी सिनेमा के विशुद्ध कलाकार, सभी पीढ़ियों के लिए सच्ची 'अदाकारा'।*

## कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज भी अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर देंगी दस्तक

# अगस्त में आ रहे ये नए रियलिटी शोज करेंगे भरपूर मनोरंजन

***नई दिल्ली।*** *अगस्त के महीने में सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 से लेकर वॉर 2 जैसी कई बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इसके अलावा कई वेब सीरीज भी इस महीने अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली हैं। लेकिन, इन फिल्मों और वेब सीरीज के अलावा कई टीवी रियलिटी शो भी इस महीने आपके मनोरंजन के लिए दस्तक देने वाले हैं। जानते हैं लिस्ट में कौन-कौन नाम शामिल हैं।*

## पति-पत्नी और पंगा




पति पत्नी और पंगा जोड़ियों का रियलटी चेक, इस रियलिटी शो में सेलिब्रिटी जोड़े मजेदार खेलों, चुनौतियों और अपने बारे में खुलकर बातचीत में हिस्सा लेंगे, जो उनके रिश्ते की डायनेमिक्स को दिखाएगा। इस शो को बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे और कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी होस्ट करते नजर आएंगें। यह शो 2 अगस्त से कलर्स पर टेलीकास्ट होगा।

## छोरियां चली गांव

जीटीवी जल्द ही एक नया रियलिटी शो लेकर आ रहा है, लेकिन इस शो का कॉन्सेप्ट बिल्कुल अलग और नया होने वाला है। शो का नाम है 'छोरियां चली गांव।' इस शो में टीवी की ग्लैमर्स एक्ट्रेसेज इंडस्ट्री के ग्लैमर और चकाचौंध को छोड़कर गांवों की जिंदगी और वहां के तौर-तरीकों और वहां के रहने के रहन-सहन को अपनाएंगी। मिट्टी, खेत, देसी खाना और गांव के रीति-रिवाजों के बीच ये सेलेब्स कैसे खुद को ढालते हैं, यही इस शो की खास बात होगी। इस शो को रोडीज फेम रणविजय सिंह और कॉमेडियन सुमुखि सुरेश होस्ट करेंगे। इसके अलावा शो में बतौर कंटेस्टेंट अनीता हसनंदानी, ऐश्वर्या खरे, अंजुम फकीह, कृष्णा श्रॉफ, चाहत खन्ना, चिंकी-मिंकी यानी सुरभि-समृद्धि और ईशा मालवीय नजर आएंगी। इस शो का प्रीमियर 3 अगस्त से जीटीवी पर होगा।



## कौन बनेगा करोड़पति

टेलीविजन की दुनिया का सबसे मशहूर रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति'का नया सीजन एक बार फिर दर्शकों के मनोरंजन के लिए तैयार है। एक बार फिर महानायक अमिताभ बच्चन हॉट सीट पर बैठे लोगों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। केबीसी का 17वां सीजन 11 अगस्त से सोनी टीवी पर टेलीकास्ट होने जा रहा है। शो का प्रोमो भी सामने आ चुका है। दर्शक इस शो का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## बिग बॉस 19

सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो में शामिल बिग बॉस फिर से अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ रहा है। एक बार फिर सलमान खान शो को होस्ट करते नजर आएंगे। हालांकि, इस बार बिग बॉस में कई बदलाव नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार का फॉर्मेट न सिर्फ पूरी तरह से नया होगा, बल्कि शो के लोकप्रिय डायलॉग और कंटेस्टेंट्स के रोल्स में भी अहम फेरबदल किया गया है। जहां हर सीजन में 'बिग बॉस चाहते हैं'सुनने को मिलता था, वहीं इस बार दर्शकों को सुनाई देगा, 'बिग बॉस जानना चाहते हैं।' इस बार शो को सिर्फ सलमान खान नहीं, बल्कि दो और नामी चेहरों के साथ होस्ट किया जाएगा। शो का फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है। हालांकि, अभी तक शो के टेलीकास्ट की तारीख सामने नहीं आई है और न ही कंटेस्टेंट के ऑफिशियल नामों का खुलासा हुआ है। हालांकि, उम्मीद है कि अगस्त के महीने के अंत तक बिग बॉस 19 आ सकता है।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ऋषि सम्मानित



**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत कोरिया के आडिटोरियम में संपूर्णता अभियान-सम्मान समारोह का आयोजन विहान योजना एनआरएलएम वोकल फार लोकल के द्वारा आयोजित किया गया। इसमें संपूर्ण विभाग प्रमुख लोगों के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य करने पर मेडल, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर के सभी का सामन किया गया। स्वास्थ्य विभाग में उप स्वास्थ्य केन्द्र रटगा में पदस्थ डॉ.ऋषि राज सिंह को प्रशस्ति पत्र मेडल और मोमेंटो देकर स्वास्थ के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े और जनप्रतिनिधि के उपस्थिति में सम्मानित किया गया। डॉ.ऋषि राज सिंह ने अपने स्वास्थ्य केन्द्र रटगा में बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण कार्यों के मांग को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष को मांग पत्र सौंपा। उप स्वास्थ्य केन्द्र रटगा (नगर) में पदस्थ डॉ.ऋषि राज सिंह ने अपने स्वास्थ्य केन्द्र में बाउंड्रीवाल और शेड व अन्य निर्माण कार्यों के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा से सौजन्य मुलाकात कर मांग पत्र दिए।

### डायरिया रोकथाम अभियान के लिए जागरूकता




**मनेन्द्रगढ़।** जिले के विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहनटोला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता, शुद्ध पेयजल एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। टीम ने ग्रामीणों को डायरिया से बचाव के उपाय, हाथ धोने की सही विधि तथा दैनिक जीवन में स्वच्छता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया।

### बीईओ ने किया वनांचल के शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत सुदूर वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकासखंड शिक्षा अधिकारी इस्माइल खान ने शुक्रवार को प्राथमिक शाला कमर्जी, माध्यमिक शाला कमर्जी, हायर सेकेंडरी स्कूल कमर्जी, प्राथमिक शाला मुर्किल, माध्यमिक शाला मुर्किल, प्राथमिक शाला बाहीडोल तथा प्राथमिक शाला खीरकी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शालाओं में बच्चों की उपस्थिति की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों की उपस्थिति में वृद्धि के लिए नियमित रूप से पालक संपर्क अभियान चलाया जाए और समुदाय के साथ समन्वय स्थापित कर शैक्षणिक वातावरण को सशक्त बनाया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, कमजोर बच्चों को उपचारात्मक शिक्षण देने तथा पाठ्यक्रम की सतत समीक्षा करने पर बल दिया।

### उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में सौंपी गई जिम्मेदारी

# सड़कों पर घूमते मवेशियों पर लगाम लगाने कलेक्टर का सख्त आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर

जिले की सड़कों पर घूमते मवेशियों से बढ़ रही दुर्घटनाओं और ट्रैफिक अवरोध को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कोरिया ने संबंधित विभागों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। यह कार्रवाई उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा पारित आदेश और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की जा रही है।

कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार पूर्व में भी कई बार निर्देश दिए गए, परंतु संबंधित विभागों द्वारा अपेक्षित गंभीरता नहीं बरती गई, जिससे सड़क दुर्घटनाओं और जन-धन की हानि की घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रमुख निर्देशों में जिले की सभी सड़कों से घुमंतू मवेशियों को प्रतिदिन हटाया जाए। जनपद पंचायत और नगर पालिका अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित मुनादी करवाएं। पशु चिकित्सा विभाग एमयूव्ही वाहन से माइकिंग कराए और मवेशियों के लिए रेडियम बेल्ट जैसे सुरक्षात्मक उपाय अपनाए। लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा सड़कों पर नियमित पेट्रोलिंग की जाए। सड़क पर मवेशी की उपस्थिति के कारण दुर्घटना होने या मवेशी की मृत्यु की स्थिति में संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि पशु क्रूरता अधिनियम के तहत लापरवाह पशु मालिकों पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें तथा की जा रही कार्रवाईहियों की जानकारी समय-समय पर उच्च अधिकारियों को उपलब्ध कराएं। यह आदेश पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, सभी अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, पशु चिकित्सा सेवाएं, आरटीओ, तहसीलदार, जनपद पंचायत एवं नगर पालिका अधिकारियों को भेजा गया है।


सड़क पर मवेशियों के विचरण के कारण वाहन चालकों को परेशानी

सड़क पर मवेशियों के आवारा विचरण से हो रहीं दुर्घटनाएं

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### एसडीएम का आदेश, आवारा पशु छोड़ने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी बैकुंठपुर श्रीमती दीपिका नेताम एवं सोनहत एसडीएम राकेश साहू ने एक अहम आदेश जारी करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि के मद्देनजर आवारा पशुओं पर नियंत्रण के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि क्षेत्र के राष्टीय राजमार्ग, राज्यीय मार्गों और अन्य सार्वजनिक सड़कों पर आवागमन में बाधा तथा जनहानि का प्रमुख कारण आवारा पशुओं का खुला विचरण है, जो पशुपालकों की लापरवाही से उत्पन्न हो रहा है। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार आवारा पशुओं की वजह से न केवल सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी बाधित हो रही हैं, जिससे आम नागरिकों को अत्यंत असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत यह आदेश पारित किया गया है। अनुविभागीय दंडाधिकारी ने अपने आदेश में सभी पशु मालिकों को चेतावनी दी है कि वे अपने पशुओं को खुले में न छोड़ें तथा उन्हें बांधकर रखें। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित पशु मालिकों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 291 के अंतर्गत जेल एवं जुर्माना तथा पशु क्रूरता अधिनियम, 1960 की धारा 11(1) के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 30 जुलाई से आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा, चूंकि इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू करना आवश्यक था, अतः यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। प्रशासन ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि अपने एवं समाज की सुरक्षा के लिए पशुओं का समुचित प्रबंधन करें और सड़कों को सुरक्षित बनाए रखने में भागीदार बनें।

## सोनहत में विराजे भगवान शिव नाम पड़ा सोनेश्वर महादेव



पूजा-अर्चना करती श्रद्धालु।

**बैकुंठपुर।** जिले के विकासखंड सोनहत के दुर्गा पंडाल में स्थित भगवान शिव की निरंतर पूजा-अर्चना की विधि पूर्ण कर शुक्रवार को जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी, जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े सहित क्षेत्र के जनपद सदस्यों, जनप्रतिनिधियों व सनातन गौरव मंच के साथ सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा पुरोहितों द्वारा विधि पूर्वक भगवान शिव का सोनेश्वर महादेव के पावन स्वरुप में अभिषेक कराया गया। सोनेश्वर का अर्थ होता है सोने के समान चमकने वाले ईश्वर या कीमती और दिव्य भगवान। सोनहत को स्वर्ण भूमि माना जाता है। यह 104 गांवों का सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक केन्द्र हैं, सभी 104 गांवों में देवी देवताओं का वास है। यह पूरा क्षेत्र प्रकृति की गोद में बसा है। हसदेव सहित कई नदियों का उद्गम क्षेत्र है। सोनहत के सोनेश्वर महादेव की महिमा भी अपरम्पार है, इनकी कृपा भक्तों पर निरंतर बरस रही है।

### सभी 104 गांवों में मनेगा उत्सव

सनातन गौरव मंच सोनहत की ओर से सोनहत के सभी 104 गांवों में देवालयों में पूजा की जाएगी और घर घर सोनेश्वर महादेव का प्रसाद पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर सोनहत में भव्य मेले का आयोजन प्रतिवर्ष सोनहत की पावन भूमि पर किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर, जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी सोनपाकर, राजाराम राजवाड़े, श्यामाधार (बच्ची यादव), मनोज साहू, सुरेश राजवाड़े, जनपद सदस्य सोनिया राजवाड़े, आलेश्वरी गौतम, हिरमन सिंह ,मुकेश चेरवा, दीपक जायसवाल, भीम राजवाड़े, दिलीप राजवाड़े, टिकेश्वर राजवाड़े, राजू साहू, दिलीप राजवाड़े, जय प्रकाश राजवाड़े, बलवीर सिंह, रामू राजवाड़े, संतोष राजवाड़े, राजू साहू, विवेक साहू, ललन राजवाड़े, अनिल सोनपाकर, अनिल गौतम, रिशु राजवाड़े, पिंटू गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एसईसीएल चिरमिरी के लेखपाल सेवानिवृत्त



**डोमनहिल।** उत्कृष्ट कर्मचारी की पहचान केवल उसकी पद-प्रतिष्ठा से नहीं, बल्कि उसके स्वभाव और चरित्र से होती है। ऐसा ही एक उदाहरण रहे एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्रीय मुख्यालय के वित्त विभाग में कार्यरत लेखपाल कंचन पाल, जो सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में आयोजित समारोह में क्षेत्र के महाप्रबंधक अशोक कुमार सहित अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके दीघार्यु जीवन की कामना की।

महाप्रबंधक अशोक कुमार ने कहा कि आप केवल एक कर्मचारी नहीं, बल्कि खेल, संस्कृति और सामाजिक कार्यों में एसईसीएल की पहचान रहे हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज के प्रति आपकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। आपके अनुभव आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बन सकते हैं। उन्होंने कंचन पाल को फुटबॉल खिलाड़ी एवं फैशन मॉडलिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित भी किया। एरिया फाइनेंस ऑफिसर एसपी कर ने उन्हें वित्त विभाग की मजबूत कड़ी बताया। उन्होंने कहा कि जिस उत्साह और निष्ठा से आपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया, वह प्रेरणादायक है। आपकी कार्य प्रणाली और विश्वास आने वाले वर्षों तक याद किए जाएंगे। कार्मिक प्रबंधक श्रीकांत ईमानदारी ने कंचन पाल के खेल जीवन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कोल इंडिया तक चिरमिरी का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि लेखपाल कंचन पाल न केवल एक जिम्मेदार कर्मचारी थे, बल्कि राष्टीय स्तर पर मिस्टर हैंडसम अवार्ड प्राप्त करने वाले एक प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी भी रहे हैं। उन्होंने कोल इंडिया तक चिरमिरी का प्रतिनिधित्व किया और अनेक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाई। अपने सेवानिवृत्ति अवसर पर भावुक होते हुए कंचन पाल ने कहा कि मेरी हर उपलब्धि इस क्षेत्र की देन है।

### भूमि संरक्षण कार्यालय में दो अधिकारियों की विदाई

**मनेन्द्रगढ़।** भूमि संरक्षण कार्यालय में सेवानिवृत्त एवं स्थानांतरित दो अधिकारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भरतपुर में पदस्थ सर्वेयर राजेन्द्र प्रसाद पटेल को सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया। श्री पटेल ने अपने सेवा काल में विभाग के प्रतिपूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य किया। विदाई समारोह में संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि मैं अपने संपूर्ण सेवा जीवन में विभाग से जो स्नेह और सहयोग मिला, उसके लिए सभी अधिकारियों और सहकर्मियों का आभारी हूं। यहां की स्मृतियां हमेशा मेरे हृदय में रहेंगी। वहीं, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी डीके सोनी, जिनका स्थानांतरण नारायणपुर हुआ है, को भी भावभीनी विदाई दी गई।

## दूसरी महिला के पास जाने से रोकने के लिए बांधे हाथ-पैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर/अम्बिकापुर

पति को करंट लगाकर मौत के घाट उतारने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल में भर्ती आरोपी महिला को पुलिस ने डिस्चार्ज कर दिया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। बड़ी बात यह है कि विवाद के दौरान मृतक ने खुद ही गुस्से में अपने हाथ पैर बांधकर घर में बंद करने की सलाह पत्नी को दी थी जिसके बाद महिला ने पति को बांधकर उसे करंट लगाना शुरू कर दिया।

बता दें कि थाना अंतर्गत ग्राम अधौरा में पार्वती गुप्ता द्वारा अपने पति मनोज गुप्ता को करंट लगाकर मौत के घाट उतारने का मामला सामने आया था। पुलिस के अनुसार 30 जुलाई के भोर में 3 बजे पति पत्नी के बीच विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। इस दौरान घर का दरवाजा अंदर से बंद था और मनोज गुप्ता के चिल्लाने की आवाज आ रही थी। दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाने पर भी महिला ने दरवाजा नहीं खोला ऐसे में पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया तो महिला ने दरवाजा खोल दिया और पुलिस के सामने बेहोश हो गई जबकि अंदर मनोज गुप्ता भी अचेत पडा था। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां मनोज गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने जब महिला पार्वती गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि मृतक मनोज गुप्ता ने किसी दूसरी महिला से विवाह कर लिया था और उसे किराए के मकान में रखा था। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद होता था। घटना दिवस की रात भी दोनों के दौरा इसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। विवाद के दौरान पार्वती गुप्ता ने मनोज से कहा कि अब वह उसे दूसरी महिला के पास नहीं जाने देगी और हाथ पैर बांधकर अपने पास रखेगी।



## रक्तदान महादान वी क्लब मनेन्द्रगढ़ का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब ऑफ इंडिया वी क्लब समर्पण मनेन्द्रगढ़ के द्वारा सेंटर हॉस्पिटल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। क्लब की अध्यक्ष श्रीमती बबीता अग्रवाल के नेतृत्व में यह शिविर संपन्न हुआ।

रक्तदान एक जीवन रक्षक कार्य है। इस बात को दोहराते हुए अध्यक्ष बबीता अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। हमारा थोड़ी देर का दिया गया रक्त किसी की पूरी जिंदगी को बचा सकता है। समाज के हर व्यक्ति को वर्ष में कम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। यह रक्तदान शिविर डॉ. लोकेश गुप्ता के कुशल निर्देशन में आयोजित हुआ और रक्त संग्रहण सेंटर हॉस्पिटल के मदर ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। 10 लोगों ने किया स्वेच्छा से रक्तदान, इनमें बबीता अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, सजल अग्रवाल, अंकिश अग्रवाल, पलक गोयल, दीनानाथ चक्रवर्ती ,महावीर सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर क्लब की अन्य सदस्याएं पम्मी अरोड़ा, मधु जैन, मीरा गुप्ता, निधि अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं और शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया।




## विश्व फेफड़ा कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम




**बैकुण्ठपुर।** प्रतिवर्ष 1 अगस्त को विश्व फेफड़ा कैंसर दिवस वर्ल्ड लंग कैंसर डे मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य इस जानलेवा बीमारी को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच की प्रेरणा देना और यह संदेश देना होता है कि फेफड़े के कैंसर से भी जीवन की जंग जीती जा सकती है।

इसीक्रम में राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की जीएनएम छात्राओं द्वारा जिला अस्पताल बैकुंठपुर में स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उपस्थित मरीजों और परिजन को फेफड़े केकैंसर के लक्षण, कारण, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी। छात्राओं ने बताया कि दुनिया के सबसे खतरनाक कैंसरों में से एक फेफड़े का कैंसर है, जो अक्सर देर से पकड़ में आता है। धूम्रपान, प्रदूषण, हानिकारक गैसों के संपर्क और अस्वस्थ जीवनशैली इसके प्रमुख कारणों में से हैं। चिकित्सा विज्ञान में निरंतर तरक्की के बावजूद, समय पर पहचान और इलाज न होने पर यह बीमारी जानलेवा सिद्ध हो सकती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि लोग इस बीमारी को लेकर भयभीत होने के बजाय सतर्क और सजग बनें और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाएं।

### 3 दिवसीय विशेष जांच एवं जन-जागरूकता अभियान 4 से

बैकुण्ठपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु में खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम और सुरक्षित खाद्य उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेशव्यापी अभियान बने खाबो-बने रहिबो चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोरिया जिले में भी आगामी 4, 5 एवं 6 अगस्त को विशेष जांच और जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा।




**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), चिरमिरी जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम अखराडांड़ प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. उधनापुर थाना व तहसील चिरमिरी जिला-मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर छ.ग. के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कान्ती जायसवाल पति श्री श्याम बिहारी जायसवाल निवासी ग्राम रतनपुर तहसील खड़गवां जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) के द्वारा छ.ग.रा.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत स्वयं की स्थित भूमि ग्राम अखराडांड़ तहसील चिरमिरी थाना खड़गवां जिला-मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 554/2 रकबा 0.06 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेख में आवेदिका के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के द्वारा उक्त भूमि खसरा नं. 554/2 रकबा 0.06 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, नक्शा, खसरा, बी-1, मिसल अभिलेख वर्ष 1948-49, ले-आउट नक्शा, रिनम्बरिंग सूची, रजिस्ट्री की छायाप्रति एवं ग्राम पंचायत अखराडांड़ का अनापत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भू-व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत दिनांक 08/08/2025 को सायं 05.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है, निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 25/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
चिरमिरी जिला-एम.सी.बी.(छ.ग.)

## 1925 राखियों से सैनिकों को सलामी

**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरिया द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर एक प्रेरणादायक अभियान एक राखी सैनिक भाई के नाम चलाया गया। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव और राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के आह्वान पर संचालित इस प्रदेशव्यापी अभियान के अंतर्गत कोरिया जिले की गाइड बहनों ने लक्ष्य से कहीं अधिक 1925 राखियां देश के वीर सैनिकों को समर्पित कर एक भावनात्मक मिसाल पेश की। कलेक्टर एवं पदेन संरक्षक चंदन त्रिपाठी, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता , जिला संगठन आयुक्त नागेश्वर साहू और गाइड आशा एक्का के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने अपने हाथों से देशभक्ति से ओत-प्रोत राखियां तैयार कीं और उनके साथ स्नेहपूर्ण पत्र भी भेजे।



